# आजा मेरे सांवरे | By Suresh Majoka

दुनिया से हारा हूँ मैं तेरी दरकार है
आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है

बीच भंवर में नैया डोले
ना है किनारा खाये हिचकोले
तुमसे है आस मेरी तेरा एतबार है
आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है

डूब ना जाए ये नैया मेरी
थाम लो आकर इसको दरकार तेरी
टूटी सी नैया मेरी टूटी पतवार है
आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है

हारे के सहारे श्याम मैं भी मँझदार हूँ
बालक हूँ तेरा श्याम मन खतावार हूँ
तुलसी की नैया का तू ही खेवन हार है
आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-suresh-majoka/